(ख) होल्डिंग कंपनी की, आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन कर हानि, अनवशोषित मूल्यह्रास और न्यूनतम वैकल्पिक कर क्रेडिट, होल्डिंग कंपनी को उपलब्ध कोई भी अप्रयुक्त क्रेडिट/बिक्री कर/मूल्य वर्धित कर/माल और सेवा कर के अग्रिम भुगतान, यदि कोई हो, इन नियमों के अभिन्न अंग के रूप में, किसी भी विशिष्ट अनुमोदन या अनुमति की अपेक्षा के बिना, पारेषण कंपनी को स्वतः हस्तांतरित हो जायेंगे.

(ग) पारेषण कंपनी को अपने कर विवरणी और अन्य वैधानिक विवरणियों को पुनरीक्षण करने और दायर करने की स्पष्ट अनुमति होगी, जिसमें यथा प्रयोज्य आयकर विवरणी, स्रोत विवरणी पर कर कटौती/संग्रहण कर, माल और सेवा कर विवरणी इत्यादि सम्मिलित हैं तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115ञख के अधीन अपने विवरणी में ऐसा प्रावधान करने और प्रतिदाय, अग्रिम कर क्रेडिट; कर के क्रेडिट, लाभांश वितरण कर के क्रेडिट, स्रोत पर कर कटौती के क्रेडिट, भुगतान/रोकी गई विदेशी करों के क्रेडिट इत्यादि, यदि कोई हो, का दावा करने का अधिकार, जैसा कि नियमों के कार्यान्वयन के प्रयोजनों के लिए/परिणामतः आवश्यक हो सकता है, स्पष्ट रूप से संरक्षित किया गया है। इस तरह की विवरणी को पुनरीक्षित और दायर किया जा सकता है, भले ही इस तरह के पुनरीक्षित और दायर करने की वैधानिक अवधि समाप्त हो गई हो.

(दस) उपरोक्त उप–नियम (2) के ये प्रावधान, किसी भी लिखत, विलेख या लेख या मंजूरी की शर्तों या किसी विषय या किसी भी सुरक्षा दस्तावेज में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, प्रवर्तित रहेंगे, जिनमें से सभी लिखत, विलेख या लेख, पूर्वगामी प्रावधानों द्वारा संशोधित और/या अधिक्रमित माने जायेंगे.

(3) होल्डिंग कंपनी का पारेषण कंपनी में हस्तांतरण और समामेलन,होल्डिंग कंपनी के ऐसे व्यवसाय और/या परिसंपत्तियों और देनदारियों के मूल्य के निर्धारण के होते हुए भी, निर्धारित तिथि पर तत्काल प्रभावी होंगे और यदि आवश्यक हो तो, उसे पश्चात्वर्ती तारीख में निर्धारित किया जा सकता है.

(4) **लेखांकन संव्यवहार और अनुपालन–**

(एक) होल्डिंग कंपनी की परिसंपत्तियों और देनदारियों को,निर्धारित तिथि को एवं लागू लेखांकन मानकों के अनुसार होल्डिंग कंपनी के खाता पुस्तकों में प्रदर्शित होने वाली उनकी संबंधित अग्रणीत राशियों में तथा लेखांकन नीतियों की एकरूपता सुनिश्चित करने के सिवाय, उसी रूप में, पारेषण कंपनी के खाता पुस्तकों में दर्ज किया जाएगा.

(दो) होल्डिंग कंपनी के लाभ और हानि खाते की शेष राशि और प्रतिधारित अर्जन सहित निग्रह (रिजर्व) की पहचान को संरक्षित किया जाएगा और वे पारेषण कंपनी के वित्तीय विवरणों में उसी रूप में और उसी रीति में प्रतिदर्शित रहेंगे, जिस प्रकार वे इस नियम के प्रभावी होने से पूर्व होल्डिंग कंपनी के वित्तीय विवरणों में प्रतिदर्शित थे.

(तीन) उपरोक्त उप–नियम (1) और उप–नियम (2) के अनुसार अंतरिती कंपनी के खाता पुस्तकों में दर्ज की गई अंतरणकर्ता कंपनियों की परिसंपत्तियों, देनदारियों और निग्रह (रिजर्व) के मूल्य के बीच के अंतर को, इन नियमों के उप–नियम (6) के निबंधनों में पारेषण कंपनी द्वारा जारी और आवंटित किए गये नए इक्विटी शेयरों के कुल अंकित मूल्य को घटाकर, पारेषण कंपनी की पुस्तकों में ''पूंजीगत संरक्षित खाते'' में हस्तांतरित किया जाएगा.

(चार) होल्डिंग कंपनी और पारेषण कंपनी के बीच अन्तः–कंपनी जमा, ऋण और अन्य शेष और निवेश, यदि कोई हो, को रद्द कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई अग्रतर दायित्व/बकाया नहीं होगा.

(पांच) पारेषण कंपनी के समेकित आरंभिक बैलेंस शीट को, राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर अंतिम रूप दिया जाएगा और अधिसूचित किया जाएगा.

(5) **पूंजी का समेकन–**

(एक) होल्डिंग कंपनी की अधिकृत पूंजी को, पारेषण कंपनी की ओर से किसी अग्रतर कार्य या विलेख की किसी अपेक्षा के बिना, पारेषण कंपनी की अधिकृत पूंजी में जोड़ा गया माना जाएगा, जैसे कि पारेषण कंपनी की अधिकृत पूंजी भारतीय रूपये 1,23,00,00,00,000/– होगा, जिसमें किसी अग्रतर कार्य, विलेख, संकल्प या लेखन के बिना, प्रत्येक 10 भारतीय रूपये के 12,30,00,00,000 इक्विटी शेयर समाविष्ट है.

(दो) अधिकृत पूंजी में समेकन और वृद्धि के अनुसार, पारेषण कंपनी के संस्थापन ज्ञापन और संस्थापन लेख किसी अग्रतर कार्य, लिखत या विलेख की किसी अपेक्षा के बिना, परिवर्तित, उपांतरित या संशोधित हो जाएंगे, जैसे कि संस्थापन ज्ञापन के खंड (पांच) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता हैः

''कंपनी की अधिकृत पूंजी भारतीय रूपये 1,23,00,00,00,000 है, जिसमें प्रत्येक 10 भारतीय रूपये के 12,30,00,00,000 इक्विटी शेयर समाविष्ट है.''

(6) छत्तीसगढ़ शासन को नए शेयर का जारी किया जाना–उपरोक्त उप–नियम (5) के अधीन अधिकृत पूंजी में समेकन और वृद्धि के पश्चात् और होल्डिंग कंपनी के पारेषण कंपनी में हस्तांतरण और समामेलन के फलस्वरूप, पारेषण कंपनी में प्रत्येक 10 भारतीय रुपये के 3,48,32,761 इक्विटी शेयरों को छत्तीसगढ़ शासन को आवंटित किया जायेगा, जो पूरी तरह से भुगतान के रूप में क्रेडिट होगा(यह मानते हुए कि अन्तः–कंपनी निवेश, प्राप्य और देय राशि को निवल (नेटेड ऑफ) किया जाएगा)। पारेषण कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ शासन को शेयरों को जारी और आबंटित किया जाना इन नियमों का एक अभिन्न अंग होगा और इनका सम्यक् अनुपालन करते हुए, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 और धारा 62 के अधीन इसे प्रक्रिया के रूप में किया गया माना जाएगा.

(7) होल्डिंग कंपनी के पारेषण कंपनी में हस्तांतरण और समामेलन के अनुसरण में, होल्डिंग कंपनी, परिसमापन के बिना, विलय और विघटित हो जाएगी.

7ग. वितरण कंपनी में ट्रेडिंग कंपनी का हस्तांतरण और समामेलन.–

(1) नियम 7क के अधीन, जो कि निर्धारित तिथि को प्रभावशील होगी और आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 2(1ख) के प्रावधानों के अनुसार, राज्य शासन के साथ इक्विटी निवेश के निहित होने पर, ट्रेडिंग कंपनी, वितरण कंपनी में समामेलित हो जाएगी और ट्रेडिग कंपनी की परिसंपत्ति और देनदारियां (निर्धारित तिथि पर ट्रेडिग कंपनी की बैलेंस शीट के अनुसार), किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा किये गये या निष्पादित किसी अग्रतर कार्य, लिखत, विलेख, सारलेख या बात की अपेक्षा के बिना, संदर्भानुसार, वितरण कंपनी में समामेलित और निहित हो जायेंगी, ताकि वे इन नियमों के आधार पर और इन नियमों में उपबंधित रीति में वितरण कंपनी की परिसंपत्तिया और देनदारियां बन सकें.

(2) उपरोक्त उप–नियम (1) की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, उपरोक्त उप–नियम (1) में उपबंधित अनुसार ट्रेडिंग कंपनी के हस्तांतरण और समामेलन का निम्नलिखित प्रभाव होगा :–

(एक) **व्यवसाय :–**निर्धारित तिथि को ट्रेडिग कंपनी के व्यवसाय, अधिकार, स्वत्व, हित, शक्तियां, दावे, अनुज्ञप्ति, प्राधिकार, अनुज्ञापत्र, अनुमोदन, अनुमतियां, प्रोत्साहन, ऋण, रियायतें, अनुदान, देनदारियां और विशेषाधिकार, वितरण कंपनी में हस्तांतरित और निहित हो जायेंगे.

(दो) **परिसंपत्तिया :–** ट्रेडिंग कंपनी की परिसंपत्तियों, संपत्तियां, चाहे वह चल हो या अचल हो (भू–खण्ड, आवासीय और वाणिज्यिक भवनों के साथ फिक्स्चर और वाहनों सहित), वास्तविक और व्यक्तिगत, साख, प्रतिलिप्याधिकार (कॉपीराईट), बौद्धिक संपदा, नकद शेष, पूंजी, संरक्षित निधि, प्राप्य विशेष संरक्षित निधि, निवेश, स्टॉक, शेयर, लाभांश, बांड, डिबेंचर, प्रतिभूतियां और किसी भी प्रकृति के अन्य लिखत, चाहे वह निर्धारित तिथि को ट्रेडिंग कंपनी की पुस्तकों में दर्ज हों या न हो, वितरण कपंनी को हस्तांतरित हो जायेंगे.

(तीन) **अनुबंध :–** वितरण कंपनी, अनुबंधों, मुख्तियारनामा (पावर ऑफ अटॉर्नी), विधिक प्रतिनिधित्व के अनुदान और करारों के लिए, जिसमें ट्रेडिग कंपनी एक पक्षकार है (जिसमें वह करार भी सम्मिलित है, जो ट्रेडिग कंपनी द्वारा राज्य शासन के प्रतिनिधि के रूप में निष्पादित किया गया है) (और जो निर्धारित तिथि पर विद्यमान है या प्रभावी है), उसी रीति में उत्तरदायी होगी, जैसा कि ट्रेडिग कंपनी निर्धारित तिथि से ठीक पहले उत्तरदायी थी और वह वितरण कंपनी के विरूद्ध या उसके पक्ष में प्रवृत्त और प्रभावी रहेगी तथा इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा, मानों कि ट्रेडिग कंपनी की अपेक्षा वितरण कंपनी उसमें एक पक्षकार थी. इस संबंध में किसी अन्य पक्ष से किसी सहमति या अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी.

(चार) **प्रोत्साहन राशि :–** किसी अग्रतर कार्य या विलेख के बिना, ट्रेडिग कंपनी द्वारा प्राप्त या उपभोग की गई सभी प्रोत्साहन राशि, सब्सिडी, छूट, आयकर अवकाश या लाभ या हानि तथा अन्य लाभ अथवा विशेषाधिकार, निर्धारित तिथि पर, उन्हीं निर्बंधनों और शर्तों पर,वितरण कंपनी में निहित होंगे और उनको उपलब्ध होंगे, जैसे कि उसे वितरण कंपनी को आवंटित या प्रदाय की गई हो या स्वीकृति या अनुमति दी गई हो.

(पांच) **ट्रेडिग कंपनी के पक्ष में सृजित प्रतिभूति या हित :–** बंधक, दृष्टिबंधक, गिरवी, ग्रहणाधिकार के माध्यम से या किसी अन्य रूप में या प्रतिभूति के सृजन के तरीके के रूप में, ट्रेडिग कंपनी के पक्ष में या उसके लाभ के लिए सृजित की गई कोई भी प्रतिभूति तथा ट्रेडिग कंपनी के पक्ष में या उसके लाभ के लिए सभी गारंटी, आश्वासन पत्र, साख पत्र या इसी तरह के अन्य लिखत, यदि कोई हो, किसी अग्रतर कार्य, विलेख या बात के बिना, वितरण कंपनी में हस्तांतरित और निहित हो जायेंगे तथा इसे इस प्रकार लागू किया जाएगा, जैसे कि वितरण कंपनी, ट्रेडिग कंपनी की अपेक्षा उसमें लाभार्थी या पक्षकार रही थी। इस संबंध में किसी अन्य पक्ष से किसी सहमति या अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी.

(छः) **देयताए :–** ट्रेडिग कंपनी की सभी देनदारियां, लिये गये और उपयोग किए गए ऋण, कर्तव्य और दायित्व, चाहे वह ट्रेडिग कंपनी की पुस्तकों में दर्ज किए गए हों या नहीं, किसी अग्रतर कार्य, लिखत या विलेख या बात के बिना, वितरण कंपनी में उस सीमा तक हस्तांतरित और निहित हो जायेंगे, जिस तक वे निर्धारित तिथि को बकाया हैं, ताकि वे उस तारीख से वितरण कंपनी के ऋण, देनदारियां, उधार, दायित्व और कर्तव्य बन जायें तथा वितरण कंपनी उनकी प्रतिपूर्ति करें, उनका निर्वहन करें, उन्हें पूरा करें तथा आगे इसके लिए किसी तीसरे पक्ष या अन्य व्यक्ति, जो किसी अनुबंध या व्यवस्था के संबंध में एक पक्षकार है, जिसके आधार पर इन नियमों के प्रावधानों को प्रभावी बनाने के लिए ऐसे ऋण या देनदारियां उत्पन्न हुई हैं, की सहमति प्राप्त करना आवश्यक नहीं होगा.

(सात) **भारः–** निर्धारित तिथि के पूर्व विद्यमान सभी भार, यदि कोई हो, जो ट्रेडिंग कंपनी की परिसंपत्तियों पर सृजित हो, किसी अग्रतर कार्य, लिखत या विलेख के बिना, निर्धारित तिथि के उपरांत, ऐसी परिसंपत्ति या उसके किसी भाग से इस प्रकार संबंधित और संलग्न रहेंगे, जिस प्रकार वे निर्धारित तिथि से पूर्व संबंधित या संलग्न हों.

(आठ) **विधिक, कराधान और अन्य कार्यवाहियां :–** ट्रेडिंग कंपनी द्वारा या उसके विरूद्ध, किसी भी विधि के अधीन, निर्धारित तिथि पर लंबित, सभी विधिक और कराधान या अन्य कार्यवाहियां (किसी भी वैधानिक या अर्ध–वैधानिक प्राधिकरण या अधिकरण या न्यायालयों के समक्ष सहित), वितरण कंपनी द्वारा या उसके विरूद्ध प्रभावी रूप से तथा उसी रीति में और उसी सीमा तक जारी और प्रवर्तित रहेंगी, मानों कि उसे वितरण कंपनी द्वारा या उसके विरूद्ध,जैसी भी स्थिति हो, संस्थापित किया गया हो.

(नौ) **कराधान मामले :–**

(क) ट्रेडिग कंपनी द्वारा भुगतान/देय या प्रतिदाय योग्य, सभी कर (विवादित कर मांगों, अग्रिम कर, स्रोत पर कर कटौती, न्यूनतम वैकल्पिक कर क्रेडिट, मूल्य वर्धित कर, बिक्री कर, सेवा कर, माल और सेवा कर इत्यादि सहित, किन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं) के साथ साथ सभी या किसी भी प्रतिदाय (वापसी योग्य) या विवादित कर मांगें, यदि पुष्टि या दावा की गई हैं, को वितरण कंपनी की कर भुगतान/देयता या प्रतिदाय/दावा, जैसी भी स्थिति हो, मानी जायेंगी तथा कोई भी प्रोत्साहन राशि, लाभ, विशेषाधिकार, छूट, क्रेडिट, अवकाश, परिहार, कटौती, सब्सिडी, अनुदान, विशेष दर्जा, अन्य लाभ, जो कि ट्रेडिग कंपनी को उपलब्ध होते, वितरण कंपनी को उपलब्ध होंगे.

(ख) ट्रेडिग कंपनी की, आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन कर हानि, अनवशोषित मूल्यह्रास और न्यूनतम वैकल्पिक कर क्रेडिट, ट्रेडिग कंपनी को उपलब्ध कोई भी अप्रयुक्त क्रेडिट/बिक्री कर/मूल्य वर्धित कर/ माल और सेवा कर के अग्रिम भुगतान, यदि कोई हो, इन नियमों के अभिन्न अंग के रूप में, किसी भी विशिष्ट अनुमोदन या अनुमति की अपेक्षा के बिना, वितरण कंपनी में स्वतः हस्तांतरित हो जायेंगे.

(ग) वितरण कंपनी को अपने कर विवरणी और अन्य वैधानिक विवरणी को पुनरीक्षण करने और दायर करने की स्पष्ट अनुमति होगी, जिसमें यथा प्रयोज्य आयकर विवरणी, स्रोत विवरणी पर कर कटौती/संग्रहण कर, माल और सेवा कर विवरणी इत्यादि सम्मिलित हैं तथा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115ञख के अधीन अपने विवरणी में ऐसा प्रावधान करने और प्रतिदाय, अग्रिम कर क्रेडिट; कर के क्रेडिट, लाभांश वितरण कर के क्रेडिट, स्रोत पर कर कटौती के क्रेडिट, भुगतान/रोकी गई विदेशी करों के क्रेडिट इत्यादि, यदि कोई हो, का दावा करने का अधिकार, जैसा कि नियमों के कार्यान्वयन के प्रयोजनों के लिए/परिणामतः आवश्यक हो सकता है, स्पष्ट रूप से संरक्षित किया गया है। इस तरह की विवरणी को पुनरीक्षित और दायर किया जा सकेगा, भले ही इस तरह के पुनरीक्षण और दायर करने की वैधानिक अवधि समाप्त हो गई हो.

(दस) उपरोक्त उप–नियम (2) के प्रावधान, किसी भी लिखत, विलेख या लेख या मंजूरी की शर्तों या किसी विषय या किसी भी सुरक्षा दस्तावेज में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, प्रवर्तित रहेंगे, जिनमें से सभी लिखत, विलेख या लेख, पूर्वगामी प्रावधानों द्वारा संशोधित और/या अधिक्रमित माने जायेंगे.

(3) ट्रेडिंग कंपनी का वितरण कंपनी में हस्तांतरण और समामेलन, ट्रेडिग कंपनी के ऐसे व्यवसाय और/या परिसंपत्तियों और देनदारियों के मूल्य के निर्धारण के होते हुए भी, निर्धारित तिथि पर तत्काल प्रभावी होगा और यदि आवश्यक हो तो, उसे पश्चात्वर्ती तारीख में निर्धारित किया जा सकेगा.

(4) **लेखांकन संव्यवहार तथा अनुपालन–**

(एक) ट्रेडिंग कंपनी की परिसंपत्तियों और देनदारियों को, निर्धारित तिथि को एवं लागू लेखांकन मानकों के अनुसार ट्रेडिंग कंपनी के खाता पुस्तकों में प्रदर्शित होने वाली उनकी संबंधित अग्रणीत राशियों में तथा लेखांकन नीतियों की एकरूपता सुनिश्चित करने के सिवाय, उसी रूप में, वितरण कंपनी के खाता पुस्तकों में दर्ज किया जाएगा.

(दो) ट्रेडिंग कंपनी के लाभ और हानि खाते की शेष राशि और प्रतिधारित अर्जन सहित निग्रह (रिजर्व) की पहचान को संरक्षित किया जाएगा और वे वितरण कंपनी के वित्तीय विवरणों में उसी रूप में और उसी रीति में प्रतिदर्शित रहेंगे, जिस प्रकार वे इस नियम के प्रभावी होने से पूर्व ट्रेडिंग कंपनी के वित्तीय विवरणों में प्रतिदर्शित थे.

(तीन) उपरोक्त उप–नियम (1) और उप–नियम (2) के अनुसार अंतरिती कंपनी के खाता पुस्तकों में दर्ज की गई अंतरणकर्ता कंपनियों की परिसंपत्तियों, देनदारियों और निग्रह (रिजर्व) के मूल्य के बीच के अंतर को, इन नियमों के उप–नियम (6) के निर्बंधनों में वितरण कंपनी द्वारा जारी और आवंटित किए गये नए इक्विटी शेयरों के कुल अंकित मूल्य को घटाकर, वितरण कंपनी की पुस्तकों में ''पूंजीगत संरक्षित खाते'' में हस्तांतरित किया जाएगा.

(चार) ट्रेडिंग कंपनी और वितरण कंपनी के बीच अन्तः–कंपनी जमा, ऋण और अन्य शेष और निवेश, यदि कोई हो, को रद्द कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई अग्रतर दायित्व/बकाया नहीं होगा.

(पांच) इन नियमों की अनुसूची–चार के भाग–दो के खंड (छ) (दो) (ख) में यथा उल्लिखित ट्रेडिंग कंपनी के कार्यों के अनुसार, ट्रेडिंग कंपनी द्वारा विद्युत के विक्रय करने पर प्राप्त धन के लिए अलग–अलग खाते को अनुरक्षित रखने के लिए ट्रेडिंग कंपनी को बाध्य किया गया था,निर्धारित तिथि के उपरांत, राज्य शासन के प्रतिनिधि के रूप में वितरण कंपनी द्वारा किए गए विद्युत व्यापार की किसी भी गतिविधि के लिए इस तरह के अलग बैंक खाते को अनुरक्षित रखने के लिए, वितरण कंपनी बाध्य नहीं होगी। तद्नुसार, वितरण कंपनी को उपरोक्त संव्यवहार के लिए आंतरिक ज्ञापन खातों को अनुरक्षित रखने की आवश्यकता होगी.

(छः) वितरण कंपनी के समेकित आरंभिक बैलेंस शीट को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर अंतिम रूप दिया जाएगा और अधिसूचित किया जाएगा.

(5) **पूंजी का समेकन–**

(एक) ट्रेडिंग कंपनी की अधिकृत पूंजी को, वितरण कंपनी की ओर से किसी अग्रतर कार्य या विलेख की किसी अपेक्षा के बिना, वितरण कंपनी की अधिकृत पूंजी में जोड़ा गया माना जाएगा, जैसे कि वितरण कंपनी की अधिकृत पूंजी भारतीय रूपये 33,00,25,00,000/– होगा, जिसमें किसी अग्रतर कार्य, विलेख, संकल्प या लेखन के बिना, प्रत्येक 10 भारतीय रूपये के 3,30,02,50,000 इक्विटी शेयर समाविष्ट है.

(दो) अधिकृत पूंजी में समेकन और वृद्धि के अनुसार, वितरण कंपनी के संस्थापन ज्ञापन और संस्थापन लेख, किसी अग्रतर कार्य, लिखत या विलेख की किसी अपेक्षा के बिना, परिवर्तित, उपांतरित या संशोधित हो जाएंगे, जैसे कि संस्थापन ज्ञापन के खण्ड (पांच) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता हैः–

''कंपनी की अधिकृत पूंजी भारतीय रूपये 33,00,25,00,000 है, जिसमें प्रत्येक 10 भारतीय रूपये के 3,30,02,50,000 इक्विटी शेयर समाविष्ट है.''

(6) छत्तीसगढ़ शासन को नए शेयर का जारी किया जाना– उपरोक्त उप–नियम (5) के अधीन अधिकृत पूंजी में समेकन और वृद्धि के पश्चात और ट्रेडिंग कंपनी के वितरण कंपनी में हस्तांतरण और समामेलन के फलस्वरूप, वितरण कंपनी में प्रत्येक 10 भारतीय रुपये के 50,000 इक्विटी शेयरों को छत्तीसगढ़ शासन को आवंटित किया जाएगा, जो पूरी तरह से भुगतान के रूप में क्रेडिट होगा। वितरण कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ शासन को शेयरों को जारी और आवंटन करना, इन नियमों का एक अभिन्न अंग होगा और इनका सम्यक् अनुपालन करते हुए, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 और धारा 62 के अधीन इसे प्रक्रिया के रूप में किया गया माना जाएगा.

(7) ट्रेडिंग कंपनी के वितरण कंपनी में समामेलन के अनुसरण में, ट्रेडिंग कंपनी, परिसमापन के बिना, विलय और विघटित हो जाएगी.

7घ. कंपनियों के रजिस्ट्रार को प्रस्तुत किया जाना– राज्य सरकार द्वारा इन नियमों के राजपत्र में प्रकाशन के उपरांत, कंपनी के रजिस्ट्रार को संसूचित किया जाएगा और इन नियमों के अनुपालन में कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार समुचित आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा.''

4. नियम 8ग के खंड (क) के पश्चात्, निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात् :–

''(ख) सीएसईबी भविष्य निधि न्यास के संदर्भ में विद्यमान व्यवस्थाएं, इन नियमों के अनुसरण में पारेषण कंपनी के प्रशासनिक नियंत्रण में उस समय तक जारी रहेंगी, जब तक कि पारेषण कंपनी, उत्पादन कंपनी और वितरण कंपनी के रूप में उनकी स्वयं की न्यास निधि स्थापित नहीं हो जाती। होल्डिंग कंपनी द्वारा जारी सीएसईबी भविष्य निधि न्यास के प्रशासन के संबंध में सभी अधिसूचनाएं/परिपत्र,इन नियमों के अधीन विघटन के बिना, निर्धारित तिथि तक, होल्डिंग कंपनी के परिसमापन को प्रतिदर्शित करने वाले उपयुक्त संशोधन के साथ पारेषण कंपनी, उत्पादन कंपनी और वितरण कंपनी द्वारा अंगीकृत किये जायेंगे.''

5. नियम 8घ के खंड (ख) के पश्चात्, निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात्:–

''(ग) सीएसईबी ग्रेच्युटी और पेंशन निधि न्यास के संदर्भ में विद्यमान व्यवस्थाएं, इन नियमों के अनुसरण में पारेषण कंपनी के प्रशासनिक नियंत्रण में उस समय तक जारी रहेंगी, जब तक कि पारेषण कंपनी, उत्पादन कंपनी और वितरण कंपनी के रूप में उनकी स्वयं की न्यास निधि स्थापित नहीं हो जाती। होल्डिंग कंपनी द्वारा जारी की गई सीएसईबी ग्रेच्युटी और पेंशन निधि न्यास के प्रशासन के संबंध में सभी अधिसूचनाएं/परिपत्र,इन नियमों के अधीन विघटन के बिना, निर्धारित तिथि तक, होल्डिंग कंपनी के परिसमापन को प्रतिदर्शित करने वाले उपयुक्त संशोधन के साथ पारेषण कंपनी, उत्पादन कंपनी और वितरण कंपनी द्वारा अंगीकृत किये जायेंगे.''

6. (1) नियम 9 के शीर्षक की विषय वस्तु को खण्ड (क) के रूप में पुनःक्रमांकित किया जाये;

(2) नियम 9 के पुनःक्रमांकित खण्ड (क) के पश्चात खण्ड (ख) जोड़ा जाये, अर्थात्:–

''(ख) अधिनियम के प्रावधानों और इन नियमों के नियम 7ख/नियम 7ग के अनुसरण में प्रवर्तित हस्तांतरण होने पर, सभी व्यक्तियों (निगमित निकाय, वित्तीय संस्थानों, ऋणदाताओं, इत्यादि सहित) के अधिकार और दायित्व; किन्ही विलेखों, दस्तावेजों, लिखतों, अनुबंधों या व्यवस्थाओं में जो व्यक्ति होल्डिंग कंपनी और/या ट्रेडिंग कंपनी, जैसी भी स्थिति हो, के पास/साथ है, में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी,यथास्थिति,(होल्डिंग कंपनी के हस्तांतरण के लिए) पारेषण कंपनी अथवा (ट्रेडिंग कंपनी के हस्तांतरण के लिए)वितरण कंपनी तक सीमित रहेंगे। ऐसे व्यक्ति का छत्तीसगढ़ शासन के विरुद्ध कोई अधिकार या दायित्व नहीं होगा.''

7. नियम 10 के पश्चात्, निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात : –

''10क. देनदारियों का निर्वहन और मंडल के सभी विवादों/मुद्दों का समाधान :–

(1) निर्धारित तिथि को और उसके बाद से, पारेषण कंपनी, आयकर से संबंधित ऐसे सभी मामलों को निराकृत करेगी, जो किसी भी न्यायालय, अधिकरण या राज्य या केंद्र सरकार के किसी प्राधिकरण में पूर्ववर्ती मंडल के नाम पर लंबित हैं और जो निर्धारित तिथि से पूर्व होल्डिंग कंपनी द्वारा संव्यवहृत थे.

(2) निर्धारित तिथि को और उसके बाद से, पारेषण कंपनी, मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल के पुनर्गठन तथा उत्पादन कंपनी एवं वितरण कंपनी की व्यक्तिगत उपक्रम/परिसंपत्ति से जुड़े या संबंधित लोगों के अलावा पूर्ववर्ती मंडल के पुनर्गठन से संबंधित सभी लंबित कानूनी मुद्दों का प्रबंधन करेगी.

(3) निर्धारित तिथि को और उसके बाद से, मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के अधीन पूर्ववर्ती मध्य प्रदेश विद्युत मंडल की परिसंपत्तियों, देनदारियों, कर्मचारियों, और कर्मचारियों से संबंधित मुद्दों के विभाजन से संबंधित विवादों का समाधान करने के लिए पारेषण कंपनी उत्तरदायी होगी.

(4) निर्धारित तिथि को और उसके बाद से, पारेषण कंपनी,पूर्ववर्ती मंडल की सभी देनदारियों का निर्वहन तब तक करेगी, जब तक कि इसे पारेषण, उत्पादन और वितरण कंपनी के बीच आवंटित नहीं किया जाता है तथा वे, उत्पादन कंपनी और वितरण कंपनी से किन्ही देनदारियों को वसूल करने के हकदार होंगे, जो कि नियत तिथि पर कंपनियों के एनएफए और सीडब्ल्यूआईपी के योग के अनुपात में अर्थात उत्पादन कंपनी, पारेषण कंपनी और वितरण कंपनी के बीच क्रमशः 49:15:36 के अनुपात में होगी। कार्मिकों से संबंधित विवाद के समाधान पर देनदारियों का आवंटन,नियत तिथि को कर्मचारी अनुपात में अर्थात उत्पादन कंपनी, पारेषण कंपनी और वितरण कंपनी के बीच क्रमशः 27:11:62 के अनुपात में किया जाएगा.

(5) निर्धारित तिथि को और उसके पश्चात् से, पारेषण कंपनी को पूर्ववर्ती मंडल के सभी प्रतिदाय, वसूली, समझौते, मुआवजे या अन्य भुगतान तब तक प्राप्त होंगे, जब तक कि इसे पारेषण कंपनी, उत्पादन कंपनी और वितरण कंपनी के बीच आवंटित नहीं किया जाता है, जो कि नियत तिथि को कंपनियों के एनएफए और सीडब्ल्यूआईपी के योग के अनुपात में अर्थात उत्पादन कंपनी, पारेषण कंपनी और वितरण कंपनी के बीच क्रमशः 49:15:36 के अनुपात में होगा। कार्मिक से संबंधित विवाद के समाधान होने पर देयताओं का आवंटन,नियत तिथि को कर्मचारी अनुपात में अर्थात उत्पादन कंपनी, पारेषण कंपनी और वितरण कंपनी के बीच क्रमशः 27:11:62 के अनुपात में किया जाएगा. संदेह से बचने के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि उपरोक्त आवंटन, पारेषण कंपनी द्वारा स्वयं ही किया जाएगा.''

8. नियम 11क खण्ड(ख) के पश्चात्, निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात : –

''(ग) उपरोक्त उप–नियम (क) और (ख) के अधीन विनिर्दिष्ट समयावधि के होते हुए भी, निर्धारित तिथि पर, इन नियमों के प्रावधान, इन नियमों के अधिसूचना की तारीख से ''अवधि'' अथवा ऐसी किसी भी अवधि,जो कि उक्त अवधि की समाप्ति के पूर्व राज्य शासन द्वारा अधिसूचित हो, के लिए अनंतिम रहेंगे. अवधि की अनंतिम अवधि या ऐसी अवधि, जो कि राज्य शासन द्वारा अधिसूचित हो, के दौरान, राज्य शासन, अधिसूचित आदेश द्वारा, इन नियमों के निर्बंधनों और शर्तों को ऐसी रीति में अधिसूचित, संशोधित, परिवर्तित, उपांतरित, जोड़, लोप या अन्यथा बदलाव कर सकता है, जैसा कि राज्य शासन समुचित समझेः

परंतु यह कि इन नियमों के अधिसूचना की तारीख को और उसके बाद से, इन नियमों के नियम 7ख और 7ग के प्रावधान, अंतिम माने जायेंगे तथा राज्य शासन या किसी अन्य प्राधिकरण द्वारा किसी भी संशोधन, परिवर्तन, उपांतरण, जोड़, लोप या किसी अन्य परिवर्तन के अध्यधीन नहीं होंगे.''

9. (1) नियम 13 के शीर्षक की विषय–वस्तु को खण्ड (क) के रूप में पुनःक्रमांकित किया जाये;

(2) नियम 13 के पुनःक्रमांकित खण्ड (क) के पश्चात्, खण्ड (ख) जोड़ा जाए, अर्थात्:–

''(ख) इन नियमों के अधीन निराकृत परिसंपत्तियों, देनदारियों, निग्रह (रिजर्व), अनुबंधों, कर्मचारियों और ऐसे अन्य विषयों का हस्तांतरण,विधि के प्रवर्तन द्वारा हस्तांतरण के रूप में माना जायेगा तथा वे तद्नुसार इन नियमों के प्रकाशन के द्वारा एवं इन नियमों के अंतर्गत जारी आदेशों के द्वारा, तथा राज्य शासन, पारेषण कंपनी, वितरण कंपनी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले किसी भी अग्रतर कार्य, विलेख या बात के बिना, इन नियमों के निर्बंधन और शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, राज्य शासन की कार्रवाई के अनुसरण में प्रवर्तित तथा प्रभावी होंगे. इन नियमों के अनुसरण में परिसंपत्तियों और देनदारियों के हस्तांतरण पर कोई स्टाम्प शुल्क देय नहीं होगा.''

10. नियम 14 के पश्चात्, निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात् : –

''15. **सशक्त समिति का गठन.–**

(1) निर्धारित तिथि पर, इस नियम में वर्णित अनुसार विभिन्न मामलों का निपटारा करने के लिए एक सशक्त समिति का गठन किया गया माना जाएगा.

(2) **सशक्त समिति में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित होंगेः–**

(क) पारेषण कंपनी, वितरण कंपनी और उत्पादन कंपनी का अध्यक्ष (''अध्यक्ष''), सशक्त समिति के प्रमुख (''पीठासीन अधिकारी'') होंगे;

(ख) पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक/अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक;

(ग) वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक/अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक;

(घ) उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक/अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक.

(3) उपरोक्त उप–नियम (2) के अधीन उपबंधित सशक्त समिति के गठन के होते हुए भी, यदि पीठासीन अधिकारी, सशक्त समिति की बैठकों में भाग लेने में असमर्थ हैं, तो पारेषण कंपनी, वितरण कंपनी और उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक/अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, उक्त बैठक के संचालन के उद्देश्य से, उक्त सदस्यों के बीच आपस में मतदान के माध्यम से, सशक्त समिति के अंतरिम पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति करेंगे. ऐसे बैठक में लिया गया कोई भी निर्णय, पीठासीन अधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन होगा.

(4) उपरोक्त उप–नियम (2) के अधीन उपबंधित सशक्त समिति के गठन के होते हुए भी, यदि अध्यक्ष का पद, रिक्त/समाप्त कर दिया जाता है, तो सशक्त समिति में पारेषण कंपनी, वितरण कंपनी और उत्पादन कंपनी के संबंधित प्रबंध निदेशक/अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक सम्मिलित होंगे. सशक्त समिति के पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति, सशक्त समिति के सदस्यों द्वारा मतदान के माध्यम से पारेषण कंपनी, वितरण कंपनी और उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक/अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के बीच में से किया जाएगा.

(5) सशक्त समिति, निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करेगीः–

(क) अधिनियम की धारा 133 और धारा 134 के अनुसरण में इन नियमों के नियम 8 और नियम 8क के अनुसार कार्मिको के हस्तांतरण से संबंधित मामलों पर सभी विवादों की निर्धारित अवधि के भीतर सुनवाई करना और राज्य शासन को इस प्रकार के विवाद के समाधान के लिए अनुशंसा करना;

(ख) इन नियमों के अनुसार होल्डिंग कंपनी के पारेषण कंपनी और ट्रेडिंग कंपनी के वितरण कंपनी में विलय के अनुसरण में, कार्मिकों के हस्तांतरण/पुनः आवंटन पर, राज्य शासन को अनुशंसा करना ;

(ग) इन नियमों के अनुसार होल्डिंग कंपनी के पारेषण कंपनी और ट्रेडिंग कंपनी के वितरण कंपनी में विलय के अनुसरण में, कार्मिकों और स्वीकृत पदों के हस्तांतरण/पुनः आवंटन के संबंध में प्रक्रियात्मक प्रोटोकॉल से संबंधित प्रशासनिक आदेश (आदेशों), यदि आवश्यक हो, जारी करना;

(घ) उपरोक्त नियम 7ख के उप–नियम (2) के अनुसार उत्पादन कंपनी, वितरण कंपनी और पारेषण कंपनी द्वारा परिसंपत्ति/संपत्ति के सामान्य उपयोग से उत्पन्न मुद्दों/मतभेदों का समाधान करना और विनिश्चय करना;

(ड.) इन नियमों के संबंध में पारेषण कंपनी के साथ होल्डिंग कंपनी के तथा वितरण कंपनी के साथ ट्रेडिंग कंपनी की परिसंपत्तियों और देनदारियों के आवंटन से संबंधित मुद्दों/मतभेदों का समाधान करना तथा विनिश्चय करना ;

(च) वितरण कंपनी और उत्पादन कंपनी से पारेषण कंपनी द्वारा व्यय, लागत और देनदारियों की वसूली सहित, किन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं, इन नियमों से संबंधित या उत्पन्न होने वाले किन्हीं भी अन्य मुद्दों/मतभेदों का समाधान करना;

(छ) अनुसूची–आठ में वर्णित अनुसार पारेषण कंपनी द्वारा प्रदान की जाने वाली सामान्य सेवाओं को परिवर्तित करना या बदलना;

(ज) आवश्यकता के अनुसार, यदि कोई हो, स्वीकृत पदों के पुनर्वितरण में परिवर्तन करना या बदलना;

(झ) अनुसूची–आठ में वर्णित अनुसार पारेषण कंपनी द्वारा प्रदान की जाने वाली सामान्य सेवाओं के संबंध में किसी अन्य मुद्दे का समाधान करना.

(6) सशक्त समिति को, अपने कार्यों को प्रभावी तरीके से करने के लिए और सशक्त समिति के समक्ष मामलों को रखने के लिए, एक उप–समिति गठित करने की शक्ति होगी.

(7) उप–समिति में पारेषण कंपनी, वितरण कंपनी और उत्पादन कंपनी का प्रतिनिधित्व होगा। उप–समिति में वितरण कंपनी, उत्पादन कंपनी और पारेषण कंपनी के मानव संसाधन विभाग के संबंधित प्रमुख सम्मिलित होंगे. पारेषण कंपनी के मानव संसाधन विभाग के प्रमुख, उप–समिति के संयोजक होंगे.

(8) उप–समिति की अनुशंसा, यदि कोई हो, की समीक्षा की जाएगी और वह सशक्त समिति द्वारा अनुमोदित की जाएगी। किसी भी मुद्दे पर अंतिम निर्णय, सशक्त समिति द्वारा लिया जाएगा और यह सभी हितधारकों के लिए बाध्यकारी होगा.

(9) पारेषण कंपनी या वितरण कंपनी या उत्पादन कंपनी के किसी भी प्रबंध निदेशक द्वारा, सशक्त समिति की बैठक का अनुरोध किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, बैठक की वैध गणपूर्ति के लिए पारेषण कंपनी, वितरण कंपनी और उत्पादन कंपनी प्रत्येक के प्रबंध निदेशक की उपस्थिति आवश्यक होगी.

16. **पारेषण कंपनी द्वारा निष्पादित किए जाने वाले सामान्य कार्य**–निर्धारित तिथि को और उसके बाद से, वितरण कंपनी और उत्पादन कंपनी के लिए कतिपय सामान्य सेवाओं को करने के लिए पारेषण कंपनी उत्तरदायी होगी, जैसा कि अनुसूची–आठ में वर्णित हैं। अनुसूची–आठ में वर्णित सामान्य सेवाओं को छोड़कर, अन्य सभी सामान्य सेवाएं, जो पूर्व में पारेषण कंपनी, वितरण कंपनी और उत्पादन कंपनी की ओर से होल्डिंग कंपनी द्वारा निष्पादित की गई थीं, ऐसी कंपनियों द्वारा स्वतंत्र रूप से निष्पादित की जायेंगी.

17. **होल्डिंग कंपनी की अधिसूचनाएं/परिपत्र–** होल्डिंग कंपनी द्वारा जारी सभी अधिसूचनाएं/परिपत्र के साथ साथ उत्तरवर्ती कंपनियों की प्रशासनिक व्यवस्था और परिचालन प्रक्रियाओं को,पारेषण कंपनी, उत्पादन कंपनी एवं वितरण कंपनी द्वारा क्रमशः, या तो अपनाया जा सकेगा या संशोधित किया जा सकेगा या प्रतिस्थापित किया जा सकेगा.

18. **होल्डिंग और ट्रेडिंग कंपनी के स्वीकृत पदों का पुनर्वितरण .–** निर्धारित तिथि को, होल्डिंग/ट्रेडिंग कंपनी के स्वीकृत पदों को, क्रमशः पारेषण कंपनी, वितरण कंपनी और उत्पादन कंपनी के बीच आवश्यकता के अनुसार, या तो पुनर्वितरित किया जाएगा या समाप्त कर दिया जाएगा. सशक्त समिति, आवश्यकता के अनुसार स्वीकृत पदों के पुनर्वितरण में परिवर्तन या बदलाव कर सकेगी.

19. **स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों के साथ निष्पादित एमओयू और कार्यान्वयन अनुबंध का पर्यवेक्षण –** राज्य शासन, होल्डिंग कंपनी और स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों के बीच निष्पादित समझौता ज्ञापन या कार्यान्वयन अनुबंध के संबंध में, होल्डिंग कंपनी के किसी भी कर्तव्य/दायित्व का निर्वहन, वितरण कंपनी द्वारा किया जाएगा.''

11. अनुसूची–सात के पश्चात्, निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात्: –

''अनुसूची–आठ

पारेषण कंपनी द्वारा निष्पादित की जाने वाली सामान्य सेवाएं

1. कॉमन कैडर के मानव संसाधन कार्य से संबंधित प्रशासनिक कार्य.

2. गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, राज्योत्सव/स्थापना दिवस इत्यादि जैसे औपचारिक समारोहों की व्यवस्था.

3. गुढ़ियारी/डंगनिया और नई दिल्ली में कार्यालय भवन किराए पर लेना/कार्यालय शेड एवं भवन और विश्राम गृह का आवंटन.

4. टेलीफोन, वाहनों को किराए पर लेने, वाहनों को किराए पर लेने की दरों में संशोधन इत्यादि के लिए नीतिगत मामलों पर निर्णय लेना.

5. अध्यक्ष, विद्युत कंपनीज एवं ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के लिए वाहन किराए पर लेना.

6. डंगनिया मुख्यालय परिसर के लिए निजी सुरक्षा गार्ड और डंगनिया औषधालय के लिए पैरामेडिकल स्टॉफ की नियुक्ति करना.

7. डंगनिया परिसर में कैंटीन का संचालन और संबंधित कार्य.

8. विद्युत कंपनियों की ओर से विभिन्न अस्पतालों और दवा कंपनियों का पैनल बनाना.

9. उत्पादन कंपनी, वितरण कंपनी और पारेषण कंपनी के कर्मचारियों के वेतन संरचना का पुनरीक्षण.

10. उत्पादन कंपनी, वितरण कंपनी और पारेषण कंपनी के लिए टीए/डीए दरों का पुनरीक्षण.

11. अध्यक्ष, विद्युत कंपनीज/ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के कार्यालयों में संस्थापित विभिन्न प्रकार के कार्यालयीन उपकरण उपलब्ध कराना एवं उनका अनुरक्षण करना.

12. संपर्क कार्यालय, नई दिल्ली के लिए कार्यालय भवन किराए पर लेना और उसका अनुरक्षण करना.

13. कोई अन्य कार्य, जो ऊपर विनिर्दिष्ट नहीं है और जो होल्डिंग कंपनी द्वारा पारेषण कंपनी में विलय से पूर्व किया गया था। तथापि, इसमें ऐसा कोई भी कार्य सम्मिलित नहीं होगा, जो निर्धारित तिथि के पश्चात् उत्पादन कंपनी, वितरण कंपनी और पारेषण कंपनी द्वारा स्वतंत्र रूप से किया जायेगा.

टीपः– अधिसूचना के हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण के व्याख्यान में यदि भिन्नता परिलक्षित हो तो, अंग्रेजी संस्करण का अर्थ अंतिम मान्य होगा.

No. 1686/F-21/13/2009/13/2.—Whereas, the State Government has decided to merge and dissolve the Chhattisgarh State Power Holding Company Limited and Chhattisgarh State Power Trading Company Limited into Chhattisgarh State Power Transmission Company Limited and Chhattisgarh State Power Distribution Company Limited respectively;

AndWhereas, to improve the management and operations of the successor entities, it was necessary to reorganise the successor companies;

Now, thereforein exercise of the powers conferred by Section 131 read with Section 133 and 134 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, in consultation with the Governor of Chhattisgarh, hereby, makes the following amendment in the Chhattisgarh State Electricity Board Transfer Scheme Rules, 2010, which shall come into force with retrospective effect from the date of 1st April, 2022, namely:-

AMENDMENT

In the said rules.-

1. After clause (af) of rule 3, the following shall be added, namely:-

"(ag) "Determined date" means 1st April, 2022;

(ah) "Assets and Liabilities of Holding Company" means all assets and liabilities, reserves including profit and loss account and retained earnings, and entire business of the Holding Company, as going concern, and shall include all contingent liabilities, permits and concessions, licenses, contracts, deposits, investments and intellectual property;

(ai) "Assets and Liabilities of trading Company" means all assets and liabilities, reserves including profit and loss account and retained earnings, and entire business of the Trading Company, as going concern, and shall include all contingent liabilities, permits and concessions, licenses, contracts, deposits, investments and intellectual property;

(aj) "Duration" means a time period of 48 (forty eight) months;

(ak) "NFA" means Net Fixed Assets;

(al) "CWIP" means Capital Work In Progress."

2. After clause (e) of rule 6, the following shall be added, namely:-

"(f) After the Determined date and after giving effect to rule 7B and 7C below, if it is determined that there are any surplus revenues available from sale of power by the Trading Company in the separate bank accounts that were maintained by the Trading Company on behalf of the State Government, then 40% of such surplus revenue shall be retained by the State Government and balance 60% of such surplus revenue shall be remitted by State Government as equity contribution to the Generation Company, Distribution Company and Transmission Company directly in proportion to the existing equity contribution in these companies as on the date of such investment."

3. After rule 7, the following shall be added, namely:-

"7A. Vesting of Equity Investments made by the Holding Company with State Government.-

(1) On the Determined date, the equity investments made by the Holding Company/shares held by the Holding Company in the Generation Company, the Distribution Company, the Transmission Company and the Trading Company shall be vested with the State Government and such vesting shall be deemed to be a transfer/transmission by operation of law. The Companies shall take necessary steps to amend their respective register of members and other records to implement such vesting. Pursuant to such vesting of shares, the State Government shall hold 100% equity in the Generation Company, the Distribution Company, the Transmission Company and the Trading Company.

(2) Pursuant to vesting as prescribed in sub-rule (1) above, the investments by the Holding Company as reflected in the books shall be written off against the share capital of the Holding Company and consequently the share capital of Holding company shall stand reduced to the extent of the investments being written off."

7B. Transfer and amalgamation of the Holding Company with the Transmission Company.-

(1) On completion of the vesting of equity investment with the State Government under rule 7A and in accordance with provisions of Section 2(1B) of the Income Tax Act, 1961,the Holding Company shall stand amalgamated into the Transmission company and the Assets and Liabilities ofHolding Company (as per balance sheet of Holding Company on the Determined date) shall stand amalgamated with and be vested in the Transmission Company as a going concern without the requirement of any further act, instrument, deed, matter or thing to be done or executed by any person or entity, so as to become the assets and liabilities of the Transmission Company by virtue of and in the manner provided in these rules.

(2) Without prejudice to the generality of sub-rule (1) above, the transfer and amalgamation of the Holding Company as provided in sub-rule (1) above shall have the following effect:-

(i) **Business :-** The businesses, rights, titles, interests, powers, claims, licenses, authorities, permits, approvals, permissions, incentives, loans, concessions, grants, liberties and privileges of the Holding Company as on the Determined date shall be transferred and vested in the Transmission Company.

(ii) **Assets :-** The assets, properties whether moveable or immovable (including land parcels, residential and commercial buildings along with fixtures and vehicles), real and personal, goodwill, copyright, intellectual property, cash balances, capital, reserve funds, receivables special reserve fund, investments, stocks, shares, dividends, bonds, debentures, securities and other instruments of whatever nature of the Holding Company, whether or not recorded in the books of the Holding Company as on the Determined date shall be transferred to the Transmission Company:

Provided that as on the Determined date, the immovable properties/ assets of the Holding Company which are either in independent possession or joint possession of the Generation Company and/or the Distribution Company

(along with other Successor Companies) and/or are being used by the Generation Company and/or Distribution Company, as the case may be, for the purpose of conducting their respective business operations or for the purpose of accommodation of their respective employees, shall be continued to be used by Generation Company and/or Distribution Company. If required, as per the decision of Empowered Committee, the Transmission Company shall enter into agreements in the nature of lease or right to use in favour of the Generation Company and/ or the Distribution Company to facilitate their use of the immovable property on the terms and conditions as may be mutually agreed between the Transmission Company and/ or the Generation Company and/ or the Distribution Company.

(iii) **Contracts :-** The Transmission Company shall be responsible for the contracts, powers of attorney, grants of legal representation and agreements to which the Holding Company is a party (and which are subsisting or having effect on the Determined date) in the same manner as the Holding Company was liable immediately before the Determined date and the same shall remain in force and effect against or in favour of the Transmission Company and may be enforced effectively as if the Transmission Company had been a party thereto instead of the Holding Company. No consent or approval shall be required from any other party in this regard.

(iv) **Incentives :-** All incentives, subsidies, exemptions, income tax holidays or benefits, or losses and other benefits or privileges enjoyed, or availed by the Holding Company, as on Determined date, without any further act or deed shall vest with and be available to the Transmission Company on the same terms and conditions, as if the same had been allotted or granted or sanctioned or allowed to the Transmission Company.

(v) **Security or interest created in favour of the Holding Company:-** Any security created in favour of or for the benefit of Holding Company by way of mortgage, hypothecation, pledge, lien or any other mode form or mode of creation of security and all guarantees, letters of comforts, letters of credit or similar instruments in favour of or benefit of Holding Company, if any, shall without any further act, deed or thing, be transferred and vested in the Transmission Company and shall be enforced as if the Transmission Company had been a beneficiary to the or a party thereto instead of the Holding Company. No consent or approval shall be required from any other party in this regard.

(vi) **Liabilities :-** All liabilities, loans raised and used, duties and obligations of the Holding Company, whether or not recorded in the books of the Holding Company, without any further act, instrument or deed or thing, be transferred and vested in the Transmission Company to the extent they are outstanding as on the Determined date, so as to become from that date the debts, liabilities, loans, obligations and duties of the Transmission Company and the Transmission Company shall meet, discharge, satisfy the same and further it shall not be necessary to obtain the consent of any third party or other person who is a party to any contract or arrangement by virtue of which such debts or liabilities have arisen in order to give effect to the provisions of these rules.

(vii) **Encumbrances :-** All encumbrances, if any, existing as on the Determined date, created over the assets of the Holding Company shall, after the Determined date without any further act, instrument or deed, continue to relate and attach such assets on any part thereof to which they are related or attached prior to the Determined date.

(viii) **Legal, taxation and other proceedings :-** All legal and taxation or other proceedings (including before any statutory or quasi statutory authority or tribunal or courts), by or against the Holding Company, under any statute, pending on the Determined date, shall be continued and enforced by or against the Transmission

Company as effectually and in the same manner and to the same extent as if the same had been instituted by or against the Transmission Company, as the case may be. The liabilities or claims arising out of such proceedings and recoveries/ refunds arising out of such disputes shall be allocated amongst the Transmission Company, Generation Company and Distribution Company, in proportion to the NFA plus CWIP of the companies as on the Appointed date, i.e. in the ratio of 49:15:36 among Generation Company, Transmission Company and Distribution Company respectively. Liabilities on resolution of dispute related to Personnel shall be allocated in the employee ratio as on the Appointeddate, i.e. in the ratio of 27:11:62 among Generation Company, Transmission Company and Distribution Company respectively.

(ix) **Taxation matters :-**

